an>

Title: Regarding construction of a bye-pass on National Highway passing through Raipur and Bastar in Chhattisgarh.

श्री चंदूलाल साहू (महासमन्द) : सभापति महोदय, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए धन्यवाद। मैं अपने क्षेत्र के धमतरी जिले में बायपास के संबंध में निवेदन करना चाहता हूँ। यह बहुप्रतीक्षित और बहुत महत्वपूर्ण मांग है।

सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बस्तर के सुदूर क्षेत्रों को जोड़ने वाला एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग है, जो धमतरी शहर के मध्य के व्यावसायिक एवं व्यस्ततम मार्गों से हो कर गुजरता है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इससे भारी जान-माल की क्षति भी होती है। विगत दो माह के अंतराल में इस तरह की घटनाओं में 9 से 10 व्यक्ति अपनी जान गंवा चुके हैं, जिस कारण से क्षेत्र के लोग बड़े आक्रोशित हैं। यहां तक कि वहां के व्यापारी संगठन, छात्र और सामाजिक संगठन द्वारा एक माह तक वहां धरना-प्रदर्शन किया गया।

सभापति महोदय, राष्ट्रीय मार्ग संबलपुर से श्यामतराई तक लगभग 12 कि.मी. की दूरी पर यह बाईपास बनाया जाना है, जिसका सर्वे भी हो चुका है और राज्य सरकार की तरफ से प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से मांग है कि इस बायपास की मांग अतिशीघ्र पूरी की जाए और इसके साथ-साथ महासमुंद और बागबहरा शहर में भी बायपास का निर्माण कराया जाए।

<u>18.16 hrs.</u>

(Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)